ॐ

# श्री यागमण्डल विधान


रचयिता

मुनि श्री सुव्रतसागरजी महाराज



प्रकाशक

जैनोदय विद्या समूह

❑ **कृति** : श्री यागमण्डल विधान

❑ **आशीर्वाद** : आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज

❑ **कृतिकार** : मुनि श्री सुव्रतसागरजी महाराज

❑ **संयोजक** : बा. ब्र. संजय भैया, मुरैना

❑ **संस्करण** : प्रथम, श्रुतपंचमी 2017
(पृथ्वीपुर पंचकल्याणक के अवसर पर )

❑ **सहयोग राशिः** 10/- (पुनः प्रकाशन हेतु)

❑ **प्राप्ति स्थान** : बा. ब्र. संजय भैया, मुरैना
94251-28817
सौरभ जैन कडेसरा (कनिष्ठ उपाध्यक्ष, पवाजी)
97952-60106

❑ **प्रकाशन सहयोगी** : श्री प्रेमचंद श्रीमती सुधा जैन
सुधीरकुमार श्रीमती नीतू जैन
प्रांजुल, प्रबल, प्रियल, निष्ठा, पृथ्वीपुर

❑ **मुद्रक** : विकास आफसेट, भोपाल
94250-05624

## मंगलाष्टकम् स्तोत्र

[अर्हन्तो भगवन्त इन्द्र-महिताः सिद्धाश्च सिद्धीश्वराः,
आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः पूज्या उपाध्यायकाः।
श्रीसिद्धान्त-सुपाठका मुनिवरा रत्नत्रयाराधकाः,
पञ्चैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं, कुर्वन्तु ते (मे) मङ्गलम्॥]

श्रीमन्नम्र - सुरासुरेन्द्र - मुकुट - प्रद्योत-रत्नप्रभा-,
भास्वत्पादनखेन्दवः प्रवचनाऽम्भोधीन्दवः स्थायिनः।
ये सर्वे जिन सिद्ध-सूर्यनुगतास्ते पाठकाः साधवः,
स्तुत्या योगिजनैश्च पञ्चगुरवः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥१॥

सम्यग्दर्शन - बोध - वृत्तममलं रत्नत्रयं पावनं,
मुक्ति - श्री - नगराऽधिनाथ-जिनपत्युक्तोऽपवर्गप्रदः।
धर्मः सूक्तिसुधा च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्र्यालयं,
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥२॥

नाभेयादि-जिनाधिपास्त्रिभुवनख्याताश्चतुर्विंशतिः,
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयो, ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु-प्रतिविष्णु-लाङ्गलधराः सप्तोतरा विंशति-
स्त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टिपुरुषाः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥३॥

सर्पो हारलता भवत्यसिलता सत्पुष्पदामायते,
सम्पद्येत रसायनं विषमपि प्रीतिं विधत्ते रिपुः।
देवा यान्ति वशं प्रसन्नमनसः किं वा बहु ब्रूमहे,
धर्मादेव नभोऽपि वर्षति नगैः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥ ४॥

ये सर्वौषधिऋद्धयः सुतपसो वृद्धिङ्गताः पञ्च ये,
ये चाष्टाङ्गमहानिमित्तकुशला येऽष्टौ वियच्चारिणः।
पञ्चज्ञानधरास्त्रयोऽपि बलिनो ये बुद्धिऋद्धीश्वराः,
सप्तैते सकलार्चिता गणभृतः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥५॥

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही, वीरस्य पावापुरे,
चम्पायां वसुपूज्यसज्जिनपतेः, सम्मेदशैलेऽर्हताम्।
शेषाणामपि चोर्जयन्तशिखरे, नेमीश्वरस्यार्हतो,
निर्वाणावनयः प्रसिद्धविभवाः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥६॥

ज्योतिर्व्यन्तर-भावनाऽमरगृहे मेरौ कुलाद्रौ स्थिताः,
जम्बू-शाल्मलिचैत्यशाखिषु तथा वक्षार-रूप्याद्रिषु।
इष्वाकारगिरौ च कुण्डलनगे द्वीपे च नन्दीश्वरे,
शैले ये मनुजोत्तरे जिनगृहाः कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥ ७॥

यो गर्भाऽवतरोत्सवो भगवतां जन्माऽभिषेकोत्सवो,
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक्।
यः कैवल्यपुरप्रवेशमहिमा संभावितः स्वर्गिभिः,
कल्याणानि च तानि पञ्च सततं कुर्वन्तु ते मङ्गलम्॥ ८॥

इत्थं श्री जिनमंगलाष्टकमिदं सौभाग्य-संपत्प्रदं,
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणामुषः।
ये शृण्वन्ति पठन्ति तैश्चसुजनैर्धर्मार्थकामान्विता,
लक्ष्मीराश्रयते व्यपायरहिता निर्वाणलक्ष्मीरपि॥

**(पुष्पांजलिं...)**

## ( नित्य नियम पूजन प्रारम्भ )

## विनय पाठ

इह विधि ठाड़ो होय के, प्रथम पढ़े जो पाठ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम, नाशे कर्म जु आठ॥१॥
अनन्त चतुष्टय के धनी, तुम ही हो सिरताज।
मुक्तिवधु के कंत तुम, तीन भुवन के राज॥२॥
तिहुँ जग की पीड़ा हरन, भवदधि शोषणहार।
ज्ञायक हो तुम विश्व के, शिवसुख के करतार॥३॥
हरता अघ अंधियार के, करता धर्म-प्रकाश।
थिरता-पद दातार हो, धरता निजगुण रास॥४॥
धर्मामृत उर जलधि सों, ज्ञानभानु तुम रूप।
तुमरे चरण-सरोज को, नावत तिहुँ-जग-भूप॥५॥
मैं वन्दौं जिनदेव को, कर अति निर्मल भाव।
कर्म-बन्ध के छेदने, और न कछु उपाव॥६॥
भविजन को भव-कूप तैं, तुम ही काढ़नहार।
दीन-दयाल अनाथपति, आतम गुण भण्डार॥७॥
चिदानन्द निर्मल कियो, धोय कर्म-रज मैल।
सरल करी या जगत में, भविजन को शिव-गैल॥८॥
तुम पद-पंकज पूजतैं , विघ्न-रोग टर जाय।
शत्रु मित्रता को धरैं, विष निरविषता थाय॥९॥
चक्री खगधर इन्द्र पद, मिलैं आपतैं आप।
अनुक्रम करि शिवपद लहैं, नेम सकल हनि पाप॥१०॥
तुम बिन मैं व्याकुल भयो, जैसे जल बिन मीन।
जन्म जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन॥११॥
पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेव।
अंजन से तारे कुधी, जय जय जय जिनदेव॥१२॥

थकी नाव भवदधि विषैं, तुम प्रभु पार करेय।
खेवटिया तुम हो प्रभु, जय जय जय जिनदेव॥१३॥
राग सहित जग में रूल्यो, मिले सरागी देव।
वीतराग भेंट्यो अबै, मेटो राग कुटेव॥१४॥
कित निगोद कित नारकी, कित तिर्यंच अज्ञान।
आज धन्य मानुष भयो, पायो जिनवर थान॥१५॥
तुमको पूजैं सुरपति, अहिपति नरपति देव।
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव॥१६॥
अशरण के तुम शरण हो , निराधार आधार।
मैं डूबत भव सिन्धु में, खेव लगाओ पार॥१७॥
इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान्।
अपनो विरद निहारिकैं, कीजे आप समान॥१८॥
तुम्हरी नेक सुदृष्टि तैं, जग उतरत है पार।
हा! हा! डूब्यो जात हों, नेक निहार निकार ॥१९॥
जो मैं कहहूँ और सो, तो न मिटैं उरझार।
मेरी तो तोसों बनी, यातैं करौं पुकार॥२०॥
वन्दों पाँचों परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास।
विघनहरन मंगलकरन, पूरन परम प्रकाश॥२१॥
चौबीसों जिनपद नमों, नमों शारदा माय।
शिवमग साधक साधु नमि, रच्यों पाठ सुखदाय ॥२२॥

**मंगल पाठ**

मंगल मूर्ति परम पद, पंच धरो नित ध्यान।
हरो अमंगल विश्व का, मंगलमय भगवान्॥२३॥
मंगल जिनवर पद नमों, मंगल अरहंत देव।
मंगलकारी सिद्धपद, सो वन्दों स्वयमेव॥२४॥
मंगल आचारज मुनि, मंगल गुरु उवझाय।

सर्व साधु मंगल करो, वन्दों मन-वच-काय॥२५॥
मंगल सरस्वती मात का, मंगल जिनवर धर्म।
मंगलमय मंगलकरण, हरो असाता कर्म॥२६॥
या विधि मंगल करनतें, जग में मंगल होत।
मंगल 'नाथूराम' यह, भवसागर दृढ़ पोत॥२७॥

**(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)**

## पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय। नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं॥

ॐ ह्रीं अनादि मूल मन्त्रेभ्यो नमः। (पुष्पांजलिं...)

चत्तारि मंगलं, अरिहन्त मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहू मंगलं,
केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहन्त लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहू
लोगुत्तमा, केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरिहन्त सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं
पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलि पण्णत्तं धम्मं सरणं
पव्वज्जामि।

**ॐ नमोऽर्हते स्वाहा। (पुष्पांजलिं...)**

अपवित्रः पवित्रो वा, सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा।
ध्यायेत्पंच-नमस्कारं, सर्व-पापैः प्रमुच्यते॥ १॥
अपवित्रः पवित्रो वा, सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्परमात्मानं, स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः॥ २॥
अपराजित-मन्त्रोऽयं सर्व-विघ्न विनाशनः।
मंगलेषु च सर्वेषु , प्रथमं मंगलं मतः॥ ३॥

एसो पंच णमोयारो, सव्व-पावप्प-णासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवई मंगलम्॥ ४॥
अर्हं-मित्यक्षरं ब्रह्म, वाचकं परमेष्ठिनः।
सिद्ध चक्रस्य सद्बीजं, सर्वतः प्रणमाम्यहं॥ ५॥
कर्माष्टक-विनिर्मुक्तं, मोक्ष लक्ष्मी निकेतनं।
सम्यक्त्वादि गुणोपेतं, सिद्धचक्रम् नमाम्यहं॥ ६॥
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति, शाकिनी-भूत-पन्नगाः।
विषं निर्विषतां याति, स्तूयमाने जिनेश्वरे॥ ७॥

**(पुष्पांजलिं...)**

## पंचकल्याणक अर्घ्य

उदक चंदन तंदुल पुष्पकैश्, चरु सुदीप सुधूप फलार्घ्य कैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिन गृहे जिन कल्याणक महं यजे॥

**ॐ ह्रीं श्री भगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाण पंचकल्याणकेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।**

## पंचपरमेष्ठी अर्घ्य

उदक चंदन तंदुल पुष्पकैश्, चरु सुदीप सुधूप फलार्घ्य कैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिनगृहे जिन इष्ट(नाथ) महं यजे॥

**ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु पंचपरमेष्ठिभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।**

## जिनसहस्रनाम अर्घ्य

उदक चंदन तंदुल पुष्पकैश्, चरु सुदीप सुधूप फलार्घ्य कैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिनगृहे जिननाम महं यजे॥

**ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिन अष्टोत्तर सहस्र नामेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।**

## तत्त्वार्थसूत्र जी अर्घ्य

उदक चंदन तंदुल पुष्पकैश्, चरु सुदीप सुधूप फलार्घ्य कैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिनगृहे जिनसूत्र महं यजे॥

**ॐ ह्रीं श्री उमास्वामीजी विरचित तत्त्वार्थसूत्रं अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।**

## भक्तामर स्तोत्र एवं अन्य समस्त स्तोत्र अर्घ्य

उदक चंदन तंदुल पुष्पकैश्, चरु सुदीप सुधूप फलार्घ्य कैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिनगृहे जिनस्तोत्र महं यजे॥

**ॐ ह्रीं श्री मानतुंगाचार्य जी विरचित भक्तामर स्तोत्रं एवं समस्त जिनस्तोत्रं अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।**

## पूजा प्रतिज्ञा पाठ

श्रीमज्जिनेन्द्र-मभिवंद्य जगत्-त्रयेशं,
स्याद्वाद्-नायक-मनन्त-चतुष्टयार्हम्।
श्री मूलसंघ सुदृशां सुकृतैक हेतुः,
जैनेन्द्र यज्ञ विधिरेष मयाऽभ्यधायि॥ 1॥

( आगे प्रत्येक स्वस्ति उच्चारण के साथ पुष्प क्षेपण करें )

स्वस्ति त्रिलोक-गुरवे जिन-पुंगवाय,
स्वस्ति स्वभाव-महिमोदय-सुस्थिताय।
स्वस्ति प्रकाश सहजोर्ज्जित-दृङ्मयाय,
स्वस्ति प्रसन्न-ललिताद्-भुत-वैभवाय॥ 2॥
स्वस्त्युच् छल-द्विमल-बोध-सुधा-प्लवाय,
स्वस्ति स्वभाव-परभाव-विभासकाय।
स्वस्ति त्रिलोक-विततैक-चिदुद् गमाय,
स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत-विस्तृताय॥ 3॥
द्रव्यस्य शुद्धि-मधिगम्ययथानुरूपं,
भावस्य शुद्धि-मधिकामधि-गंतुकामः।
आलंबनानि विविधान्य-वलम्ब्य वल्गन्,
भूतार्थयज्ञ-पुरुषस्य करोमि यज्ञम्॥ 4॥
अर्हत्पुराण-पुरुषोत्तम-पावनानि,
वस्तून् यनून मखिलान्य यमेक एव।
अस्मिञ्ज्वलद् विमल-केवल-बोध-वह्नौ,
पुण्यं समग्र मह मेक मना जुहोमि॥ 5॥

**ॐ ह्रीं विधियज्ञ प्रतिज्ञानाय जिनप्रतिमाग्रे पुष्पांजलिं...।**

## स्वस्ति मंगल-पाठ
## (आगे प्रत्येक स्वस्ति उच्चारण के साथ पुष्प क्षेपण करें )

श्रीवृषभो नः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअजितः।
श्रीसम्भवः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअभिनन्दनः।
श्रीसुमतिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीपद्मप्रभः।
श्रीसुपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीचन्द्रप्रभः।
श्रीपुष्पदन्तः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीशीतलः।
श्रीश्रेयान् स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवासुपूज्यः।
श्रीविमलः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअनन्तः।
श्रीधर्मः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीशान्तिः।
श्रीकुन्थुः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअरनाथः।
श्रीमल्लिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीमुनिसुव्रतः।
श्रीनमिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीनेमिनाथः।
श्रीपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवर्द्धमानः।

**॥ पुष्पांजलिं... ॥**

## परमर्षि स्वस्ति मंगल-पाठ

( आगे प्रत्येक स्वस्ति उच्चारण के साथ पुष्प क्षेपण करें )
नित्या-प्रकंपाद्-भुत केवलौघाः, स्फुरन्मनः पर्यय शुद्ध बोधाः।
दिव्यावधिज्ञान बल प्रबोधाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ १॥
कोष्ठस्थ धान्योप-ममेक बीजं, संभिन्न संश्रोतृ पदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ २॥
संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरा, दास्वाद-नघ्राण विलोकनानि।
दिव्यान् मतिज्ञान बलाद्वहन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ३॥
प्रज्ञा प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः, प्रत्येक बुद्धाः दशसर्व पूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टांग निमित्त विज्ञाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ४॥
जंघानल श्रेणी फलांबु तंतु, प्रसून बीजांकुर चारणाह्वाः।
नभोऽगण स्वैर विहारिणश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ५॥

अणिम्नि दक्षा कुशला महिम्नि, लघिम्नि शक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनो वपु र्वाग्बलिनश्च नित्यं, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ६॥
सकाम रूपित्व वशित्व मैश्यं, प्राकाम्य मन्तर्द्धि मथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघात गुण प्रधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ७॥
दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं, घोरं तपो घोर परा क्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोर गुणाश्चरन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ८॥
आमर्ष-सर्वौषधयस्तथाशी-र्विषाविषा दृष्टिविषाविषाश्च।
सखिल्ल विड्जल्ल मलौषधीशाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ ९॥
क्षीरं स्रवंतोऽत्र घृतं स्रवंतो, मधु स्रवंतो ऽप्य मृतं स्रवंतः।
अक्षीण संवास महान साश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः॥ १०॥

**॥ इति परमर्षिस्वस्ति मंगल विधानं परिपुष्पांजलिं क्षिपामि॥**

# श्री नवदेवता पूजन

(हरिगीतिका)

जब प्रार्थना को कर जुड़े तो, आतमा आकुल हुई।
जब वन्दना को पग उठे तो, वेदना व्याकुल हुई॥
जब साधना को सुर सजे तो, गुनगुनायें गीत हम।
जब अर्चना को मन हुआ तो, आ गये जिन-तीर्थ हम॥
अरिहंत सिद्धाचार्य गुरु-उवझाय साधु जिन-धरम।
जिन-शास्त्र-प्रतिमायें जिनालय, देवता ये नव परम॥
नव देवताओं की करें हम, अर्चना पूजें चरण।
बस प्रार्थना हम भक्त की सुन, दीजिये हमको शरण॥

(दोहा)

नव देवों को हम भजें, करें-करें आह्वान।
हृदयासन आसीन हों, भक्तों के भगवान॥

**ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्-सिद्धाचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालय समूह अत्र अवतर-अवतर.....। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः.....। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्.....। (पुष्पांजलिं....)**

(सखी)

अपने ही हमको जन्में, फिर मारें और जलायें।
फिर पीछे आँसु बहाके, कर हाय! हाय! चिल्लायें॥
मृग मरीचिका अपनों की, तुम सम तजने जल लाये।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्-सिद्धाचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं.....।**

हम करें भरोसा जिन पर, वे धोखे हमको देते।
हम दिल में जिन्हें वसायें, वे राख हमें कर देते॥
तुम सम अपनों की तृष्णा, हम तजने चंदन लाये।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं.....।**

हम जिनको गले लगायें, वे गला हमारा घोंटें।
वे हमको खूब रुलायें, हम जिनके आंसू पोंछें॥
यह अपनों की आकुलता, तजने हम अक्षत लाये।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्.....।**

अपने ही फाँसी दें फिर, फोटो पर माला डालें।
वाणी के बाण चलाके, चित् छिन्न-भिन्न कर डालें॥
तुम सम अपनों के कांटे, तजने पुष्पों को लाये।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि.....।**

खुद भूखे प्यासे रहकर, अपनों की भूख मिटायी।
जीवन में विष वे घोलें, जिनको दें दूध मलाई॥
विश्वासघात अपनों का, सहने नैवेद्य चढ़ायें।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं.....।**

गोदी में जिन्हें खिलायें, हम काजल जिन्हें लगायें।
हथकड़ी बेड़ियाँ वे दें, हम चलना जिन्हें सिखायें॥
यों तजें मोह माया ज्यों, तुम तज निजदीप जलायें।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं.....।**

घर जिनका यहाँ वसाकर, जी-जान जिन्हें हम सौंपें।
वे घर-घर हमें फिरायें, पीछे से चाकू घौंपें॥
बेरुखी तजें अपनों की, सो धूप भूप को लाये।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं.....।**

बदनाम हुये हम जिनको, बदनाम हमें वे करते।
सुख चैन वही तो छीनें, फिर हम क्यों उन पर मरते॥

अपनों की आँख-मिचौली, तुम सम तजने फल लायें।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं.....।**

हम जिनको सगा समझते, वे देकर दगा दबायें।
फिर देकर दाग जलायें, हम जिन पर प्राण लुटायें॥
ये दाग दगा अपनों के, तजने को अर्घ्य चढ़ायें।
नव देव हमें आश्रय दो, हम भेंट नमोस्तु लाये॥

**ॐ ह्रीं श्री नवदेवेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।**

## जयमाला

**(दोहा)**

जिननवदेवा पूज्य हैं, जिन की जोड़ न तोड़।
अतः कहें जयमालिका, हाथ जोड़ सिर मोड़॥

**(भुजंगप्रयात)**

जितेन्द्री हितैषी अरिहन्त प्यारे, हमें तारते सो नमोस्तु हमारे।
निकर्मा सभी सिद्ध शुद्धात्म धारे, तुम्हीं भक्त के लक्ष्य वंदन हमारे॥
परम् पूज्य आचार्य दीक्षादि दानी, यथाजात रत्नत्रयी को नमामि।
हमें मोक्ष का मार्ग दें तत्त्वज्ञानी, नमोस्तु तुम्हें हो उपाध्याय स्वामी॥
दिगम्बर निरम्बर चिदातम विहारी, सभी साधुओं को नमोस्तु हमारी।
यही पंचपरमेष्ठी आदर्श अपने, इन्हें पूजने से हुये पूर्ण सपने॥
सदा चक्र जिनधर्म का ही चलेगा, इसी से चिदानंद हमको मिलेगा।
जिनागम करें पूर्ण अध्यात्म शांति, हरें मोह मिथ्यात्व अज्ञान भ्रांति॥
जगत् पूज्य जिनबिम्ब हैं चैत्य साँचे, करें दर्श तो भक्त भक्ति से नाँचें।
कृत्रिम अकृत्रिम जिनालय हमारे, समोसर्ण जैसे हमें हैं सहारे॥
यही देवता हैं नवो पूज्य स्वामी, इन्हीं की कृपा से मिले मुक्तिरानी।
इन्हीं के मिलें दर्श जब पुण्य जागें, इन्हें पूजने से सभी कष्ट भागें॥
जपें जाप तो शुद्ध आतम बनेगी, धरें ध्यान तो ज्ञान ज्योति जलेगी।
अतः प्राप्त छाया इन्हीं की हमें हो, इसी से नमोस्तु सदा ही इन्हें हो॥

हमें प्राप्त रत्नत्रयी धर्म होवे, पुनः भेद विज्ञान से कर्म खोवें।
नवो देवता से धरें प्रेम हम भी, बनें संत अरिहन्त फिर सिद्ध हम भी॥
हमें रूप सत्यं शिवं सुन्दरं दो, चले आए हम भी तभी मंदिरं को।
कि जब तक यहाँ चाँद तारे रहेंगे, सदा गीत 'सुव्रत' तो गाते रहेंगे॥

**(दोहा)**

मुक्ति रमा के धाम हैं, चित् चैतन्य मुकाम।
परमपूज्य नवदेव को, बारम्बार प्रणाम॥

**ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्-सिद्धाचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जयमालापूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।**

करें पूज्य नवदेवता, विश्वशांति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान॥

**(शांतये शान्तिधारा...)**

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पाञ्जलि पद लाय।
भव दुःखों को मेंट दो, नवदेवा जिनराय॥

**(पुष्पाञ्जलिं...)**

## आचार्यश्री विद्यासागरजी अर्घ्य

**(ज्ञानोदय)**

अतुलनीय विद्यागुरुवरजी, तुल न सके उपकरणों से।
सब उपमायें फीकी पड़तीं, सज न सके आभरणों से॥
यूँ तो गुरु के सिर पर कोई, ताज नहीं आवाज नहीं।
पर ऐसा है कौन यहाँ दिल, जिस पर गुरु का राज नहीं॥

**ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।**

## सिद्धभक्ति (प्राकृत)

असरीरा जीवघणा, उवजुत्ता दंसणेय णाणेय।
सायार मणायारा, लक्खणमेयं तु सिद्धाणं॥
मूलोत्तर पयडीणं, बंधोदयसत्त-कम्म उम्मुक्का।
मंगलभूदा सिद्धा, अट्ठगुणा तीद संसारा॥
अट्ठ वियकम्म वियला, सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा।
अट्ठ गुणा किदकिच्चा, लोयग्गणिवासिणो सिद्धा॥
सिद्धा णट्ठट्ठ मला, विसुद्ध बुद्धीय लद्धि सब्भावा।
तिहुअणसिर-सेहरया, पसियंतु भडायरा सव्वे॥
गमणागमण विमुक्के, विहडियकम्मपयडि संघारा।
सासह सुह संपत्ते, ते सिद्धा वंदिमो णिच्चं॥
जय मंगल भूदाणं, विमलाणं णाणदंसणमयाणं।
तइलोइसेहराणं, णमो सदा सव्व सिद्धाणं॥
**सम्मत्त-णाणदंसण-वीरिय सुहुमं तहेव अवग्गहणं।**
**अगुरुलघु अव्वावाहं, अट्ठगुणा होंति सिद्धाणं॥**
**तवसिद्धे णयसिद्धे, संजमसिद्धे चरित्रसिद्धे य।**
**णाणम्मि दंसणम्मि य, सिद्धे सिरसा णमस्सामि॥**

इच्छामि भंते! सिद्धभत्तिकाउस्सग्गोकओ तस्सालोचेउं सम्मणाण सम्मदंसण सम्मचरित्त जुत्ताणं अट्ठविह कम्म-विप्पमुक्काणं अट्ठगुण-संपण्णाणं उड्ढलोयमत्थयम्मि पइट्ठियाणं तवसिद्धाणं णयसिद्धाणं संजमसिद्धाणं चरित्तसिद्धाणं अतीताणागदवट्टमाणकालत्तय सिद्धाणं सव्वसिद्धाणं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बेहिलाओ सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

# श्री यागमण्डल विधान प्रारंभ

**स्थापना**

**(दोहा)**

पंच परम परमातमा, नवदेवा भगवान् ।
पूज्ययागमण्डल भजें, करके नमोस्तु ध्यान ॥

**(ज्ञानोदय)**

घाति विजेता जय अर्हन्ता, सिद्ध सिद्धि सम्राट हुये।
जिनशासन की शान श्रमण मुनि, भजकर अपने ठाठ हुये॥
आतम-रत्नों से झिलमिल ये, दुख चिंता के मेघ हरें।
पर्व प्रतिष्ठा निज में हो सो, नमोस्तु हम सिरटेक करें॥

**ॐ ह्रीं जिनबिम्बप्रतिष्ठाविधाने सर्वयागमण्डलोक्ता जिनमुनय! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्। (पुष्पांजलिं...)**

**(सखी/चाल)**

प्रभु ज्ञान सुधा की धारा, संसार सुखा दें खारा।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं...।**

प्रभु छाँव अनाकुल पाये, हम ताप मिटाने आये।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यो भवातापविनाशनाय चंदनं...।**

प्रभु ने की आत्म प्रतिष्ठा , हम चाहें अक्षय निष्ठा।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।**

चारित्र हार ज्यों पहना, सो मुक्ति हुई नत नयना।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यः कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं...।**

तुम बने रसिक आतम के, वह चखने हम आ धमके॥
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यःक्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।**

प्रभु आतम दीप जलायें, दीवाली भक्त मनायें ।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं...।**

प्रभु कर्म बीज को झौंके, हम जीवन तुमको सौंपे॥
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं...।**

रत्नत्रय फल के गुच्छे, तुम सम पायें हम बच्चे।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं...।**

तुम आतम अर्घ्य सजाये, हम भी उस पर ललचाये।
हे! पंच परम परमातम, हम करें नमोस्तु वंदन ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं...।**

## प्रथम अर्घ्यावली

**(जोगीरासा)**

भवसागर में डूबे जन के, तारण तरण बचैया।
मोक्ष महल तक जो पहुँचाते, अर्हत् राम रमैया॥
ऐसे प्रभु अर्हंत पूज के, पर्व प्रतिष्ठा धारें।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोस्तु, स्वामी हमको तारें ॥१॥

**ॐ ह्रीं घातिकर्मविनाशकअनंतचतुष्टयप्रकाशक अर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

कर्म हनन कर जगत भ्रमण तज, चेतन रूप सजाये।
तभी अष्ठ गुण व्यवाहारिक पा, निश्चय अनंत पाये॥
चित् चैतन्य सिद्ध प्रभु भज के, पर्व प्रतिष्ठा धारें।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोस्तु, स्वामी हमको तारें ॥२॥

**ॐ ह्रीं अष्टगुणप्रकाशक सिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

मूलगुणों से जो श्रृंगारित, आत्म किले में सोहें।
शिक्षा दीक्षा दण्ड दान दें, फिर भी जग को मोहें ॥
श्री आचार्य पूज कर अब तो, पर्व प्रतिष्ठा धारें।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोस्तु, स्वामी हमको तारें ॥३॥

**ॐ ह्रीं दीक्षादायक आचार्यपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

अंगपूर्व का ज्ञान दीप ले, अघ अज्ञान मिटाते।
शंका की लंका को ढहकर, आतम नगर वसाते ॥
उपाध्याय निर्ग्रंथ पूजकर, पर्व प्रतिष्ठा धारें।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोस्तु, स्वामी हमको तारें ॥४॥

**ॐ ह्रीं ज्ञानप्रदायक उपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

जिनशासन के पता पताका, शुद्धातम को ध्यायें।
चलते फिरते तीर्थ सभी पर, शांति सुधा बरसाये।
सर्व साधुओं की पूजा कर पर्व प्रतिष्ठा धारें।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोस्तु, स्वामी हमको तारें ॥५॥

**ॐ ह्रीं आत्मसाधनालीन साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

**(हाकलिका)**

जग में पहले मंगल जो, हरते पाप अमंगल वो ।
मंगलमय अर्हंत नमो, करके नमोस्तु सुखी बनो॥६॥

**ॐ ह्रीं अर्हन्मंगलाय अर्घ्यं...।**

हरें कर्म का जो दलदल, भक्तों का करते मंगल ।
मंगलमय प्रभु सिद्ध नमो, करके नमोस्तु शुद्ध बनो ॥७॥

**ॐ ह्रीं सिद्धमंगलाय अर्घ्यं...।**

सर्व साधु पाठक सूरि, परम दिगंबर धर्म धुरी ।
मंगलमय मुनि साधु नमो, करके नमोस्तु गुणी बनो ॥८॥

**ॐ ह्रीं साधुमंगलाय अर्घ्यं...।**

धर्म केवली प्रणीत जो, वत्थु सहावो धर्म भजो ।
अंतिम मंगल नमो नमो, करके नमोस्तु स्वस्थ बनो ॥९॥

**ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्ममंगलाय अर्घ्यं...।**

उत्तम में सर्वोत्तम जो, हरते सभी अनुत्तम वो।
लोकोत्तम अर्हंत नमो, करके नमोस्तु श्रेष्ठ बनो॥१०॥

**ॐ ह्रीं अर्हल्लोकोत्तमाय अर्घ्यं ... ।**

लोक शिखर के जो वासी, हम सब भी हैं प्रत्याशी ।
लोकोत्तम प्रभु सिद्ध नमो, करके नमोस्तु सिद्ध बनो ॥११॥

**ॐ ह्रीं सिद्धलोकोत्तमाय अर्घ्यं ... ।**

मुद्रा धरें दिगंबर जो, चलते मुक्ति स्वयंवर को ।
अंतिम उत्तम साधु नमो, करके नमोस्तु शांत बनो ॥१२॥

**ॐ ह्रीं साधुलोकोत्तमाय अर्घ्यं...।**

धर्म केवली प्रणीत जो, चारित्तं खलु धम्मो वो ।
लोकोत्तम जिन धर्म नमो, करके नमोस्तु धर्मि बनो॥१३॥

**ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मलोकोत्तमाय अर्घ्यं...।**

शरणों के हैं शरणा जो, हरें हमारी भ्रमणा वो ।
प्रथम शरण अर्हंत नमो, करके नमोस्तु शिष्य बनो ॥१४॥

**ॐ ह्रीं अर्हत्शरणाय अर्घ्यं ... ।**

नंत गुणी शुद्धातम जो, साँची शरण वही समझो।
सिद्धालय के सिद्ध नमो, करके नमोस्तु भक्त बनो ॥१५॥

**ॐ ह्रीं सिद्धशरणाय अर्घ्यं ... ।**

सर्व साधु पाठक आचार्य, यथाजात गुरु तारण हार ।
सत्य शरण मुनि साधु नमो, करके नमोस्तु संत बनो॥१६॥

**ॐ ह्रीं साधुशरणाय अर्घ्यं ... ।**

'धम्मो दया विसुद्धो' जो, शरण सहायी हमको हो ।
अंतिम शरणा धर्म नमो, करके नमोस्तु शिष्ट बनो ॥१७॥

**ॐ ह्रीं धर्मशरणाय अर्घ्यं ... ।**

## पूर्णार्घ्य (सोरठा)

पंच परम परमेष्ट, मंगल उत्तम हैं शरण ।
पर्व प्रतिष्ठा श्रेष्ठ, करने पड़ते हम चरण ॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे यागमण्डले-अर्हत्परमेष्ठिप्रभृतिधर्मशरणांत प्रथमवलयस्थित-सप्तदश-जिनाधीशयागदेवेभ्य: पूर्णार्घ्यं...।**

# द्वितीय अर्घ्यावली

## (भूतकालीन चौबीसी)

### (दोहा)

सिखा गये निर्वाह जो, करके निज निर्माण।
नमो भूतकालिक प्रभो, तीर्थंकर निर्वाण॥१॥

**ॐ ह्रीं श्री निर्वाणजिनाय अर्घ्यं ... ।**

सागर सम खारे नहीं, सागर सम गंभीर ।
नमो भूतकालिक प्रभो, जिनसागर भव तीर ॥२॥

**ॐ ह्रीं श्री सागरजिनाय अर्घ्यं ... ।**

महा स्वादु संसार है, महा साधु जिनराज ।
नमो भूतकालिक प्रभो, दो आतम का स्वाद॥३॥

**ॐ ह्रीं श्रीमहासाधुजिनाय अर्घ्यं ... ।**

द्रव्य भाव नोकर्म रज, हरो करो स्वाधीन ।
नमो भूतकालिक प्रभो, विमल कमल आसीन ॥४॥

**ॐ ह्रीं श्री विमलप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

जड़ रत्नों को तज करें, रत्नत्रय का लाभ ।
नमो भूतकालिक प्रभो, परम पूज्य शुद्धाभ ॥५॥

**ॐ ह्रीं श्री शुद्धाभजिनाय अर्घ्यं ... ।**

क्षणिक जगत लक्ष्मी रही, त्यागा उसका साथ।
नमो भूतकालिक प्रभो, जिनवर श्रीधरनाथ॥६॥

**ॐ ह्रीं श्री श्रीधरजिनाय अर्घ्यं ... ।**

लोभ पाप का बाप तज, दें निज का वरदान।
नमो भूतकालिक प्रभो, श्री श्रीदत्त महान ॥७॥

**ॐ ह्रीं श्री श्रीदत्तजिनाय अर्घ्यं...।**

आभामण्डल देखकर, नभमण्डल शरमाय ।
नमो भूतकालिक प्रभो, श्री सिद्धाभ जिनाय ॥८॥

**ॐ ह्रीं श्री सिद्धाभजिनाय अर्घ्यं ... ।**

कमल अमल ज्यों कीच में, सो पाये सम्मान ।
नमो भूतकालिक प्रभो, अमलनाथ भगवान् ॥९॥

**ॐ ह्रीं श्री अमलप्रभजिनाय अर्घ्यं ... ।**

उद्धर निज उद्धार कर, किये मुक्ति की खोज ।
नमो भूतकालिक प्रभो, हमें साथ दो रोज ॥१०॥

**ॐ ह्रीं श्री उद्धारदेवजिनाय अर्घ्यं...।**

ध्यान अग्नि से जल गये, जिनके कर्म अनंत ।
नमो भूतकालिक प्रभो, अग्नि देव भगवंत ॥११॥

**ॐ ह्रीं श्री अग्निदेवजिनाय अर्घ्यं ... ।**

संयम जग के राज्य दें, संयम सुख साम्राज्य ।
नमो भूतकालिक प्रभो, श्री संयम जिनराज ॥१२॥

**ॐ ह्रीं श्री संयमजिनाय अर्घ्यं...।**

शिवस्वरूप सुंदर रहा, सत्य सौख्य जगनाथ।
नमो भूतकालिक प्रभो, परम पूज्य शिवनाथ॥१३॥

**ॐ ह्रीं श्री शिवजिनाय अर्घ्यं ... ।**

काम पुष्प को जीत जो, महक रहे स्वयमेव ।
नमो भूतकालिक प्रभो, पुष्पाञ्जलि जिनदेव ॥१४॥

**ॐ ह्रीं श्री पुष्पाञ्जलिजिनाय अर्घ्यं ... ।**

होता क्या उत्साह बिन, सफल करे उत्साह ।
नमो भूतकालिक प्रभो, परम पूज्य उत्साह ॥१५॥

**ॐ ह्रीं श्री उत्साहजिनाय अर्घ्यं...।**

निज सम परमेश्वर करें, हरें पतन के पाथ ।
नमो भूतकालिक प्रभो, परमेश्वर जिननाथ॥१६॥

**ॐ ह्रीं श्री परमेश्वरजिनाय अर्घ्यं...।**

ज्ञानचेतना पा हरें, हम सबका अज्ञान ।
नमो भूतकालिक प्रभो, ज्ञानेश्वर भगवान् ॥१७॥

**ॐ ह्रीं श्री ज्ञानेश्वरजिनाय अर्घ्यं ... ।**

कर्म मैल धो ज्यों खिले, चमके आत्म प्रदेश ।
नमो भूतकालिक प्रभो, विमलेश्वर तीर्थेश॥१८॥

**ॐ ह्रीं श्रीविमलेश्वरजिनाय अर्घ्यं ... ।**

सम्यक् चारित ज्यों धरे, यश फैले दिनरात ।
नमो भूतकालिक प्रभो, पूज्य यशोधरनाथ ॥१९॥

**ॐ ह्रीं श्रीयशोधरजिनाय अर्घ्यं...।**

कृष्ण कषायें कृश किये, नाम हुआ विख्यात ।
नमो भूतकालिक प्रभो, पूज्य कृष्णमतिनाथ॥२०॥

**ॐ ह्रीं श्रीकृष्णमतिजिनाय अर्घ्यं ... ।**

ज्ञान शरीरी हो गये, बाँटो केवलज्ञान ।
नमो भूतकालिक प्रभो, ज्ञानमती भगवान् ॥२१॥

**ॐ ह्रीं श्रीज्ञानमतिजिनाय अर्घ्यं...।**

भाव शुभाशुभ हर चुके, हुये शुद्ध स्वयमेव ।
नमो भूतकालिक प्रभो, पूज्य शुद्धमति देव ॥२२॥

**ॐ ह्रीं श्रीशुद्धमतिजिनाय अर्घ्यं ... ।**

निज पर के कल्याण कर, जगत पूज्य पद पाए ।
नमो भूतकालिक प्रभो, पूज्य भद्र जिनराय ॥२३॥

**ॐ ह्रीं श्रीश्रीभद्रजिनाय अर्घ्यं...।**

अन्तराय हर खोलते, सबको मोक्ष कपाट ।
नमो भूतकालिक प्रभो, अनंतवीर्य सम्राट॥२४॥

**ॐ ह्रीं श्रीअनंतवीर्यजिनाय अर्घ्यं ... ।**

## पूर्णार्घ्य

भूतकाल के भरत के, तीर्थंकर चौबीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठामहोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-द्वितीय-वलयोन्मुद्रित निर्वाणाद्यनंतवीर्यांतेभ्यो भूतकालसंबंधी-चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

# तृतीय अर्घ्यावली
## (वर्तमान चौबीसी)
### (चौपाई)

धर्म ध्वजा पहले फहराई, फिर अपनी आतम झलकायी।
मोक्षपंथ दे मोक्ष पधारे, आदिप्रभु को नमन हमारे ॥१॥
**ॐ ह्रीं श्री ऋषभनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

अंतस बाह्य शत्रु को जीते, आतम का ज्ञानामृत पीते ।
सबके प्यारे भक्त सहारे, अजितप्रभु को नमन हमारे॥२॥
**ॐ ह्रीं श्री अजितनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

जिसे असंभव दुनियाँ कहती, उसमें जिनकी आतम रमती ।
संभव करते कार्य हमारे, शंभवप्रभु को नमन हमारे ॥३॥
**ॐ ह्रीं श्री शंभवनाथजिनाय अर्घ्यं ... ।**

बंदर चिह्न दिगंबर रूपा, बन बैठे चिन्मय चिद्रूपा ।
अभिनंदन अपना स्वीकारें, अभिनंदन प्रभु नमन हमारे ॥४॥
**ॐ ह्रीं श्री अभिनंदननाथजिनाय अर्घ्यं...।**

सुमति प्राप्त कर स्व-गति सुधारी, तभी जगत की दुर्गति हारी।
मिले सुमति हम हुये तुम्हारे, सुमितनाथ को नमन हमारे॥५॥
**ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

यों रहते ज्ञानी ज्ञानी में, जैसे कमल रहे पानी में ।
दे दो अब तो नाथ किनारे, पद्मप्रभु को नमन हमारे॥६॥
**ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभजिनाय अर्घ्यं ... ।**

तन मन मंदिर चेतन सुंदर, बुला रहे मंदिर के अंदर ।
कहते तू अपने में आ रे, सुपार्श्वप्रभु को नमन हमारे॥७॥
**ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

नाम धाम तन चंदा जैसे, उनको कौन भुलाये कैसे।
कहते चेतन को चमका रे, चंद्रप्रभु को नमन हमारे ॥८॥
**ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

खिले पुष्प सम जग शूलों में, उलझो ना जग की भूलों में ।
मोक्षमार्ग की सुविधि सुधारे, सुविधिनाथ को नमन हमारे ॥९॥

**ॐ ह्रीं श्रीसुविधिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

शीतल चंदन बर्फ न पानी, शीतल जिनशासन के ज्ञानी ।
मिले ज्ञान हम आये द्वारे, शीतलप्रभु को नमन हमारे ॥१०॥

**ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

पाप अमंगल संकट हर्ता, मंगलमय श्रेयस सुख कर्ता।
सिद्धालय के दिये इशारे, श्रेयांस प्रभु को नमन हमारे ॥११॥

**ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

सब कल्याणक हुये जहाँ पर, हम पूजें तीरथ चम्पापुर ।
तजें पंचपरिर्वतन सारे, वासुपूज्य को नमन हमारे ॥१२॥

**ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनाय अर्घ्यं...।**

कृतवर्मा श्यामा के लाला, जिन्हें मुक्ति पहनाये माला ।
कर्म हरे चेतन शृंगारे, विमलनाथ को नमन हमारे ॥१३॥

**ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

अनंत दुख अनुबंध मिटाया, अनंत आतम का धन पाया ।
अनंत जन के भाग्य सँभारे, अनंत प्रभु को नमन हमारे ॥१४॥

**ॐ ह्रीं श्रीअनंतनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

धर्म ध्वजा रत्नत्रय धारी, अतः मोक्ष के हो अधिकारी ।
धर्म दिखा दो आत्म नजारे, धर्मनाथ को नमन हमारे ॥१५॥

**ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

कुरुवंशी ऐरा सुत साँचे, जिनकी पत्री दुनियाँ वाँचे ।
शांति बिना अब शांति कहाँ रे, शांतिनाथ को नमन हमारे ॥१६॥

**ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

सब पर करुणा धार बहायी, शुद्ध चेतना सो झलकायी ।
अतः गूँजते जय-जयकारे, कुंथुनाथ को नमन हमारे ॥१७॥

**ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

आकुलता के कष्ट मिटा के, सभी तरह के चक्र चला के ।
तीन-तीन पदवी को धारे, अरहनाथ को नमन हमारे ॥१८॥

**ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

जिन्हें मुक्ति की नारी भायी, बने उन्हीं के हम अनुयायी।
मोहमहल जो करें किनारे, मल्लिनाथ को नमन हमारे॥१९॥

**ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

जिसको खुद को सिद्ध बनाना, मुनिसुव्रत को शीश झुकाना।
सुव्रत सु-व्रत दे जग तारे, सुव्रतप्रभु को नमन हमारे॥२०॥

**ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

तीर्थंकर ज्यों दिये अहिंसा , हारी राग द्वेष की हिंसा ।
समवसरण चेतन सा धारे, नमीनाथ को नमन हमारे॥२१॥

**ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

राज रमा राजुल ज्यों त्यागी, आत्म स्वयंवर की लौ लागी।
भक्त बनें बाराती सारे, नेमिनाथ को नमन हमारे॥२२॥

**ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

निज का किला ध्यान सेना से, कर्म कमठ रिपु को जो नाशे।
हरते प्रभु उपसर्ग हमारे, पार्श्वनाथ को नमन हमारे॥२३॥

**ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

वर्द्धमान सन्मति अतिवीरा, महावीर जय शासन वीरा।
हम पूजें दो आन सहारे, महावीर को नमन हमारे॥२४॥

**ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनाय अर्घ्यं...।**

## पूर्णार्घ्य

**(दोहा)**

वर्तमान के भरत के, तीर्थंकर चौबीस ।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-तृतीय-वलयोन्मुद्रित-वृषभादिवीर्यांतेभ्यो-वर्तमानसंबंधी-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

# चतुर्थ अर्घ्यावली

## (भाविकाल चौबीसी)

### (अर्द्ध विष्णु छंद)

श्रेणिक राजा महापद्म प्रभु, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१॥

**ॐ ह्रीं श्रीमहापद्मजिनाय अर्घ्यं...।**

सुर नर पूजेंगे जब सुरप्रभ, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२॥

**ॐ ह्रीं श्रीसुरप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

जड़ चेतन चमकें जब सुप्रभ, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥३॥

**ॐ ह्रीं श्रीसुप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

स्वयं स्वयंप्रभ मिल जायें जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥४॥

**ॐ ह्रीं श्रीस्वयंप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

पाप नशेंगे जब सर्वायुध, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥५॥

**ॐ ह्रीं श्रीसर्वायुधजिनाय अर्घ्यं...।**

विजय मिले जयदेवनाथ जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥६॥

**ॐ ह्रीं श्रीजयदेवजिनाय अर्घ्यं...।**

मोह मिटे जब पूज्य उदयप्रभ, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥७॥

**ॐ ह्रीं श्रीउदयप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

ज्ञानोदय हो प्रभादेव जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥८॥

**ॐ ह्रीं श्रीप्रभादेवजिनाय अर्घ्यं...।**

जग निशंक हो जब उदंकप्रभु, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥९॥

**ॐ ह्रीं श्रीउदंकदेवजिनाय अर्घ्यं...।**

प्रश्न न होंगे प्रश्नकीर्ति जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१०॥

**ॐ ह्रीं श्रीप्रश्नकीर्तिजिनाय अर्घ्यं...।**

कर्मजयी जयकीर्ति बनें जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥११॥

**ॐ ह्रीं श्रीजयकीर्तिजिनाय अर्घ्यं...।**

आत्मशुद्धि कर पूर्ण बुद्धि प्रभु, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१२॥

**ॐ ह्रीं श्रीपूर्णबुद्धिजिनाय अर्घ्यं...।**

कषाय हर निःकषाय हों जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१३॥

**ॐ ह्रीं श्रीनिःकषायजिनाय अर्घ्यं...।**

जड़ का मैल विमलप्रभ धो कर, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१४॥

**ॐ ह्रीं श्रीविमलप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

दुख बाहुल्य बहुलप्रभ तज कर, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१५॥

**ॐ ह्रीं श्रीबहुलप्रभजिनाय अर्घ्यं...।**

निर्मल आतम निर्मलप्रभु पा, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१६॥

**ॐ ह्रीं श्रीनिर्मलजिनाय अर्घ्यं...।**

चित्रगुप्ति मिथ्यात्व मुक्ति पा, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१७॥

**ॐ ह्रीं श्रीचित्रगुप्तिजिनाय अर्घ्यं...।**

मुक्ति समाधिगुप्ति वरें जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१८॥

**ॐ ह्रीं श्रीसमाधिगुप्तिजिनाय अर्घ्यं...।**

वरें स्वयंभू निज रमणी जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥१९॥

**ॐ ह्रीं श्रीस्वयंभूजिनाय अर्घ्यं...।**

दर्प सर्प कंदर्पनाथ हर, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२०॥

**ॐ ह्रीं श्रीकंदर्पजिनाय अर्घ्यं...।**

जय जयनाथ परम गुरु हों जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२१॥

**ॐ ह्रीं श्रीजयनाथजिनाय अर्घ्यं...।**

पूज्य विमलजिन निज मल हरने, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२२॥

**ॐ ह्रीं श्रीविमलजिनाय अर्घ्यं...।**

दिव्यवाद आत्मज्ञ बनें जब, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२३॥

**ॐ ह्रीं श्रीदिव्यवादजिनाय अर्घ्यं...।**

सिद्धि अनंतवीर्य पाने को, होंगे तीर्थंकर ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु कर ॥२४॥

**ॐ ह्रीं श्रीअनंतवीर्यजिनाय अर्घ्यं...।**

## पूर्णार्घ्य

### (दोहा)

भाविकाल के भरत के, तीर्थंकर चौबीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-चतुर्थ-वलयोन्मुद्रित-महापद्माद्यनंतवीर्यांतेभ्यो भविष्यसंबंधी-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

# पंचम अर्घ्यावली

## (विदेह क्षेत्रस्थ विद्यमान बीस तीर्थंकर)

### (चौपाई)

सीमन्धर प्रभु श्री मन धर के, आतमधन पाये भव तर के।
सुख संपत्ति मिले अविनाशी, हम तो नमोस्तु के अभिलाषी॥१॥

**ॐ ह्रीं श्री सीमन्धर जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

युगमन्धर स्वामी युग मनधर, युगपत् जानें देखें निज-पर।
अंतरंग बहिरंग गुणी हों, अतः नमोस्तु कर भक्त धनी हों॥२॥

**ॐ ह्रीं श्री युगमन्धर जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

बाहु बाहु-निज पौरुष बल से, दूर हुये जग के दल-दल से।
दल-दल तजने पौरुष पायें, अतः नमोस्तु करके गुण पायें॥३॥

**ॐ ह्रीं श्री बाहु जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

जय अरिहन्त सुबाहु सुभावी, तजे विभावी बने स्वभावी।
हम अभिमान व्यर्थ का छोड़ें, अतः नमोस्तु करने सिर मोड़ें॥४॥

**ॐ ह्रीं श्री सुबाहु जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

यथाजात प्रभु सुजात स्वामी, यथाख्यात चेतन के धामी।
बालक सम अविकारी हम हों, अतः नमोस्तु कर शुद्धातम हों॥५॥

**ॐ ह्रीं श्री सुजात जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

पूज्य स्वयंप्रभ बने स्वयंभू, जिससे गूँजे जग अंबर भू।
स्वयं प्रतिष्ठित समकित पाने, करते नमोस्तु हम गुण गाने॥६॥

**ॐ ह्रीं श्री स्वयंप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

धर्म ध्वजा थामें ऋषभानन, हुये धर्ममय भक्त रु भगवन।
तजें अधर्म ज्ञानगुण पायें, अतः नमोस्तु कर शीश झुकायें॥७॥

**ॐ ह्रीं श्री ऋषभानन जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

अनन्तवीर्य शक्ति प्रकटा के, मोहजाल तोड़े अकुला के।
बंध हरण को चरित शक्ति दो, अतः नमोस्तु कर प्रभु भक्ति हो॥८॥

**ॐ ह्रीं श्री अनन्तवीर्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

परम पूज्य सौरीप्रभ सुखिया, समवसरण के सुन्दर मुखिया।
त्यागें दुख, दुख के कारण हम, अतः नमोस्तु को पड़ें चरण हम॥९॥

**ॐ ह्रीं श्री सौरिप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

विशाल कीर्ति का यश जब फैला, जो हर लेता तत्त्व विषैला।
हम बन जायें प्रभु के चेले, अतः नमोस्तु को लगते मेले॥१०॥

**ॐ ह्रीं श्री विशालकीर्ति जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

पूज्य वज्रधर वज्र सरीखे, जिनसे वज्र कठिनता सीखे।
हम तो दया सीखने आये, अतः नमोस्तु करने ललचाये॥११॥

**ॐ ह्रीं श्री वज्रधर जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

चन्द्रानन चन्दा से सुन्दर, फिर भी रखें न वस्त्राडम्बर।
चंदा तारे करें अर्चना, हम तो नमोस्तु करें वंदना॥१२॥

**ॐ ह्रीं श्री चन्द्रानन जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

चन्द्रबाहु प्रभु चाँद चकोरे, पूर्ण दिगम्बर गोरे-गोरे।
पाप पुण्य दुनियाँ के त्यागी, हम तो नमोस्तु के अनुरागी॥१३॥

**ॐ ह्रीं श्री चन्द्रबाहु जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

भोग भुजंग का जहर उतारे, अतः भुजंग नाम प्रभु धारे।
हम चिद्रूप बनें भगवन्ता, अतः नमोस्तु हैं नन्तानन्ता॥१४॥

**ॐ ह्रीं श्री भुजंग जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

ईश्वर निज में जो प्रकटाये, जगत्-पूज्य ईश्वर कहलाये।
हम मिथ्यात्व हरें व्रत पालें, तब ही नमोस्तु कर गुण गा लें॥१५॥

**ॐ ह्रीं श्री ईश्वर जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

धर्मधुरी जो तत्त्व विचारें, वही नेमिप्रभु सबको तारें।
ग्रंथ हरें निर्ग्रंथ बनें हम, अतः नमोस्तु कर भजन करें हम॥१६॥

**ॐ ह्रीं श्री नेमिप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

वीरसेन प्रभु वीरसिंह हैं, भव सागर के तीरसिंह हैं।
हमको भव से पार उतारें, हम नमोस्तु कर भाग्य सँवारें॥१७॥

**ॐ ह्रीं श्री वीरसेन जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

महाभद्र जो सभ्य सभी से, भक्त नाम सुन झुके तभी से।
संयम अंगीकार करें हम, अतः नमोस्तु कर भद्र बनें हम॥१८॥

**ॐ ह्रीं श्री महाभद्र जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

पूज्य देवयश निज यश बांटें, कर्म कालिमा सबकी छाँटें।
हम यशवान बनें ओजस्वी, अतः नमोस्तु कर बनें यशस्वी॥१९॥

**ॐ ह्रीं श्री देवयश जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

अजितवीर्य प्रभु अजित विश्व में, अजितवीर्य हम बनें भविष्य में।
शुद्ध विशुद्ध भावना करना, करके नमोस्तु प्रार्थना करना॥२०॥

**ॐ ह्रीं श्री अजितवीर्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं.....।**

**पूर्णार्घ्य (दोहा)**

विद्यमान तीर्थंकरा, विदेह क्षेत्र के बीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवेयागमण्डले-मखमुख्यार्चितपञ्चमवलयोन्मुद्रित विदेहक्षेत्रेषुषष्ठिसहितैकशततीर्थंकरसंयुक्तनित्यविहरमाणविंशत-तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

## षष्टम अर्घावली

**(श्री आचार्य देव के ३६ मूलगुण)**

**(पंचाचार)**

अष्टांगी निर्दोष रहा, दर्श दर्शनाचार कहा।
वह पालन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१॥

**ॐ ह्रूं दर्शनाचारगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

अष्टांगी भव से तारे, ज्ञानाचार तत्त्व धारे।
वह पालन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२॥

**ॐ ह्रूं ज्ञानाचारगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

तेरह विध चारित्र अमल, वो चारित्राचार कमल।
वह पालन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३॥

**ॐ ह्रूं चारित्राचारगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

बारह विध निर्दोष धरें, तपाचार अरिहन्त कहें।
वह पालन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥४॥

**ॐ ह्रूं तपाचारगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

जो परिषह उपसर्ग सहें, प्रभु वह वीर्याचार कहें।
वह पालन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥५॥

**ॐ ह्रूं वीर्याचारगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(हाकलिका) (बारह तप)**

चउ विध का भोजन तज के, करें तपस्या तप करके।
अनशन तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥६॥

**ॐ ह्रूं अनशनतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

निजी भूख से कम खाना, ऊनोदर यह तप माना।
ऐसा तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥७॥

**ॐ ह्रूं अवमौदर्यतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

विधि से भोजन या अनशन, वृत्तिपरिसंख्यान वचन।
सम्यक् तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥८॥

**ॐ ह्रूं वृत्तिपरिसंख्यानतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

षट् रस त्याग करें भोजन, रसपरित्याग कहें भगवन्।
उत्तम तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥९॥

**ॐ ह्रूं रसपरित्यागतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

निर्जन में रहना सोना, विविक्त शैय्यासन माना।
साँचा तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१०॥

**ॐ ह्रूं विविक्तशैय्यासनतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

तप से तन को दिये सजा, चेतन बगिया लिये सजा।
कायक्लेश आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥११॥

**ॐ ह्रूं कायक्लेशतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

दोष व्रतों में गर आयें, निंदा गर्हा करवायें।
प्रायश्चित्त आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१२॥

**ॐ ह्रूं प्रायश्चित्ततपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

पूज्य जनों का चार तरा, आदर करना विनय कहा।
श्रेष्ठ विनय आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१३॥
**ॐ ह्रूं विनयतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
संत त्यागियों की सेवा, मोक्षमार्ग का तप मेवा।
वैयावृत्त आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१४॥
**ॐ ह्रूं वैयावृत्ततपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
आलस तज अध्याय पढ़ें, पाँच तरह स्वाध्याय करें।
स्वाध्याय तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१५॥
**ॐ ह्रूं स्वाध्यायतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
तन से पूर्ण ममत्व तजें, परमातम का तत्त्व भजें।
तप व्युत्सर्ग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१६॥
**ॐ ह्रूं व्युत्सर्गतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
एक तत्त्व में चित्त धरें, तप का उपसंहार करें।
शुद्ध ध्यान आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१७॥
**ॐ ह्रूं ध्यानतपोगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(दसलक्षण धर्म)**

कटु वाणी उपसर्ग सहें, निज में उत्तम क्षमा धरें।
क्रोध त्याग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१८॥
**ॐ ह्रूं उत्तमक्षमाधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
ज्ञानादिक मद त्याग करें, उत्तम मार्दव धर्म धरें।
मान त्याग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥१९॥
**ॐ ह्रूं उत्तममार्दवधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
कथनी करनी एक करें, उत्तम आर्जव धर्म धरें।
कपट त्याग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२०॥
**ॐ ह्रूं उत्तमार्जवधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**
लोभ पाप का बाप रहा, शौच धर्म वह घात रहा।
लोभ त्याग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२१॥
**ॐ ह्रूं उत्तमशौचधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

सत्य धर्म की कल्याणी, हित-मित-प्रिय बोलें वाणी।
सत्य कथन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२२॥

**ॐ ह्रूं उत्तमसत्यधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

इन्द्रिय जीव सुरक्षा को, चरणाचरण व्यवस्था को।
शुभ संयम आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२३॥

**ॐ ह्रूं उत्तमसंयमधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

इच्छा पूर्ण निरोध करें, कर्म निर्जरा शोध करें।
उत्तम तप आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२४॥

**ॐ ह्रूं उत्तमतपधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

दोनों परिग्रह त्याग करें, नग्न हुये वैराग्य धरें।
श्रेष्ठ त्याग आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२५॥

**ॐ ह्रूं उत्तमत्यागधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

पर का कुछ ना अपना हो, अपना कुछ ना पर का हो।
आकिंचन आचार्य धरें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२६॥

**ॐ ह्रूं उत्तमआकिंचनधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

ब्रह्मचर्य व्रतराज रहा, ब्रह्मरमण साम्राज्य कहा।
ब्रह्मचर्य आचार्य धरें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२७॥

**ॐ ह्रूं उत्तमब्रह्मचर्यधर्मधुरन्धर श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(षट्-आवश्यक)**

समता धरें सदा मन से, सुख-दुख आदिक के क्षण में।
सामायिक आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२८॥

**ॐ ह्रूं सामायिकगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

इक जिनवर के गुण गाना, उसे वन्दना पहचाना।
आवश्यक आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥२९॥

**ॐ ह्रूं वन्दनागुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

चौबीसों प्रभु की गाथा, कहना झुका-झुका माथा।
वो स्तवन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३०॥

**ॐ ह्रूं स्तवनगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

भूतकाल जो दोष हुये, प्रतिक्रमण से दूर हुये।
वही शुद्ध आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३१॥

**ॐ ह्रूं प्रतिक्रमणगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

दोष हो सकें आगे जो, उन्हें पूर्व ही त्यागे जो।
प्रत्याख्यान आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३२॥

**ॐ ह्रूं प्रत्याख्यानगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

तन ममता तज निज ध्यानी, कायोत्सर्ग करें स्वामी।
आवश्यक आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३३॥

**ॐ ह्रूं कायोत्सर्गगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(तीन गुप्तियाँ)**

मन विकल्प रोकें सारे, मनोगुप्ति गुरुवर धारे।
निज रक्षा आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३४॥

**ॐ ह्रूं मनोगुप्तिगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

सभी वचन तज मौन धरें, वचन गुप्ति संग्राम हरें।
स्व-पर दया आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३५॥

**ॐ ह्रूं वचनगुप्तिगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

तन व्यापार तजें सारे, काय गुप्ति मुद्रा धारे।
निज को जिन आचार्य करें, नमोस्तु हम तो भक्त करें ॥३६॥

**ॐ ह्रूं कायगुप्तिगुणसुशोभित श्री आचार्यपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

## पूर्णार्घ्य

**(दोहा)**

जिन पथ गुरु आचार्य दें, गुण धारें छत्तीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-षष्ठवलयोन्मुद्रित-षट्त्रिंशगुणसहिताचार्यपरमेष्ठिभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

## सप्तम अर्घ्यावली

**(श्री उपाध्याय देव के २५ मूलगुण)**

**(दोहा)**

पहला आचारांग दे, मुनि श्रावक-आचार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥१॥

**ॐ ह्रीं अष्टादशसहस्रपदसहितआचारांगधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

दूजा सूत्रकृतांग दे, धर्म क्रिया व्यवहार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥२॥

**ॐ ह्रीं षट्त्रिंशत्सहस्रपदसहितसूत्रकृतांगधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

तीसरा स्थानांग जो, कहे जीव घर वार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥३॥

**ॐ ह्रीं द्विचत्वारिंशत्सहस्त्रपदसहितस्थानांगधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

चौथा समवायांग जो, सम ही सभी विचार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥४॥

**ॐ ह्रीं एकलक्षचतुःषष्ठिसहस्त्रपद-सहितसमवायांगधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

व्याख्या प्रज्ञप्ति कहे, अस्ति नास्ति चितधार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥५॥

**ॐ ह्रीं द्विलक्षाष्ट-विंशति-सहस्त्रपदसहितव्याख्या-प्रज्ञप्त्यंगधारकोपाध्याय परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

ज्ञातृकथा का अंग दे, पुरुष शलाका सार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥६॥

**ॐ ह्रीं पंचलक्षषट्पंचाशत्सहस्त्र-पदसहित-ज्ञातृधर्मकथांगधारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं ... ।**

उपासकाध्ययनांग दे, गृहि प्रतिमा संस्कार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार॥७॥

**ॐ ह्रीं एकादशलक्षसप्ततिसहस्त्र-पदसहितोपासकाध्यनांगधारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं ... ।**

अष्टम अन्तकृतांग दे, दसो अंतकृत तार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥८॥

**ॐ ह्रीं त्रयोविंशतिलक्षाष्टविंशतिसहस्त्र-पदसहितांतःकृतदशांगधारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

अनुत्तरदशांग में मुनि, दस-दस स्वर्ग सिधार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥९॥

**ॐ ह्रीं द्विनवतिलक्षचतुर्चत्वारिंशत्-सहस्त्रपदसहितानुत्तरोपपादिकांग-धारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

अंग प्रश्नव्याकरण दे, निमित्तज्ञान विस्तार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१०॥

**ॐ ह्रीं त्रिनवतिलक्षषोडशसहस्त्रपदसहितप्रश्नव्याकरणांगधारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

जो विपाक सूत्रांग दे, सभी कर्म फलभार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥११॥

**ॐ ह्रीं एककोटिचतुरशीति-लक्षपदसहितविपाकसूत्रांगधारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

जन्म ध्रौव्य व्यय वस्तु के, कहे पूर्व उत्पाद।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१२॥

**ॐ ह्रीं उत्पादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

कहे पूर्व अग्रायणी, नय दुर्नय भावार्थ।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१३॥

**ॐ ह्रीं अग्रायणीयपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

वीर्यानुवाद पूर्व जो, कहे वीर्य उपकार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१४॥

**ॐ ह्रीं वीर्यानुवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

अस्ति नास्ति पूर्व दे, अस्तिनास्ति संसार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१५॥

**ॐ ह्रीं अस्तिनास्तिप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठभ्यो अर्घ्यं...।**

ज्ञानप्रवाद पूर्व कहे, सकल ज्ञान भण्डार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१६॥

**ॐ ह्रीं ज्ञानप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

सत्यप्रवाद पूर्व कहे, गुप्ति समिति सत्कार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१७॥

**ॐ ह्रीं सत्यप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

आत्मप्रवाद पूर्व कहे, नय निश्चय व्यवहार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१८॥

**ॐ ह्रीं आत्मप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

कर्मप्रवाद पूर्व कहे, कर्मों का विस्तार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥१९॥

**ॐ ह्रीं कर्मप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

प्रत्याख्यान पूर्व कहे, किस विध अघ परिहार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२०॥

**ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

विद्यानुवाद पूर्व दे, विद्यामंत्र प्रसार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२१॥

**ॐ ह्रीं विद्यानुवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

कल्याणवाद पूर्व दे, जिन कल्याण प्रचार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२२॥

**ॐ ह्रीं कल्याणवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

प्राणानुवाद पूर्व दे, तन्त्र-कुमन्त्र निवार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२३॥

**ॐ ह्रीं प्राणप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

क्रिया विशाल पूर्व कहे, चौसठ कलाधिकार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२४॥

**ॐ ह्रीं क्रियाविशालपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

त्रिलोक बिन्दु पूर्व कहे, लोक मोक्ष सरकार।
उपाध्याय जानें जिन्हें, नमोस्तु बारम्बार ॥२५॥

**ॐ ह्रीं त्रैलोक्यबिंदुपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं...।**

## पूर्णार्घ्य

**(दोहा)**

उपाध्याय मुनि पूज्य हैं, गुण धारें पच्चीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-सप्तमवलयोन्मुद्रित द्वादशांगश्रुतदेवताभ्यस्तदाराधकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

# अष्टम अर्घ्यावली

## (श्री साधुपरमेष्ठी के २८ मूलगुण)

**(सखी)**

सब हिंसा पाप निवारी, अहिंसा महाव्रत धारी।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१॥

**ॐ ह्रः अहिंसामहाव्रतधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

सब झूठ पाप संहारी, मुनि सत्यमहाव्रत धारी।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२॥

**ॐ ह्रः सत्यमहाव्रतधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

सब चोरी पाप निवारी, जो अचौर्य महाव्रत धारी।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥३॥

**ॐ ह्रः अचौर्यमहाव्रतधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

निज रसिया त्यागे नारी, ब्रह्मचर्य महाव्रत धारी।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥४॥

**ॐ ह्रः ब्रह्मचर्यमहाव्रतधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

जो परिग्रह मूर्च्छा हारी, अपरिग्रहमहाव्रत धारी।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥५॥

**ॐ ह्रः अपरिग्रहमहाव्रतधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(पंच समितियाँ)**

मुनि निरख-निरख कर चालें, मुनि भाषा समिति पालें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥६॥

**ॐ ह्ः ईर्यासमितिधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

मुख व्यर्थ न अपना खोलें, मुनि भाषा समिति पालें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥७॥

**ॐ ह्ः भाषासमितिधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

रसपान शुद्ध कुछ करलें, सो एषणा समिति पालें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥८॥

**ॐ ह्ः एषणासमितिधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

लें वस्तु देख या धर लें, आदान निक्षेपण पालें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥९॥

**ॐ ह्ः आदाननिक्षेपणसमितिधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

मल-मूत्र विधिवत् तज लें, व्युत्सर्ग समिति जो पालें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१०॥

**ॐ ह्ः व्युत्सर्गसमितिधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(पंचेन्द्रियनिरोध)**

स्पर्शन आठविध जीतें, शुद्धातम छूना सीखें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥११॥

**ॐ ह्ः स्पर्शनेन्द्रियविषय विजेता श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

रस पाँच तरह के जीतें, परमात्मा चखना सीखें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१२॥

**ॐ ह्ः रसनेन्द्रिय विषय विजेता श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

दुर्गन्ध सुगन्धी जीतें, चारित्र सूंघना सीखें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१३॥

**ॐ ह्ः घ्राणेन्द्रियविषयविजेता श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

पचरंगा दर्शन जीतें, निज सम्यग्दर्शन सीखें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१४॥

**ॐ ह्ः चक्षुरिन्द्रियविषयविजेता श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

स्वरसात तरह के जीतें, संगीत आत्म का सीखें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१५॥

**ॐ ह्रः कर्णेन्द्रियविषयविजेता श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(षट्-आवश्यक)**

जो सब में समता धारें, निज शुद्ध स्वरूप विचारें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१६॥

**ॐ ह्रः सामायिक-आवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

गुण एक प्रभु के गायें, थुति करके पुण्य बढ़ायें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१७॥

**ॐ ह्रः स्तुति-आवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

गुण चौबीसों के गाना, मुनि करें वन्दना नाना।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१८॥

**ॐ ह्रः वन्दना-आवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

पिछले दोषों को हरते, सो प्रतिक्रमण मुनि करते।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥१९॥

**ॐ ह्रः प्रतिक्रमण-आवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

अगले दोषों को हर लें, सो प्रत्याख्यान नियम लें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२०॥

**ॐ ह्रः प्रत्याख्यानआवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

निज तन से मोह नशायें, जो कायोत्सर्ग रचायें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२१॥

**ॐ ह्रः कायोत्सर्ग-आवश्यकगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

**(सात अन्य गुण)**

कुछ निशि में तृण पर सोना, या भू पर त्याग बिछौना।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२२॥

**ॐ ह्रः भूशयनमूलगुणधारकश्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

नहिं मुनिजन कभी नहाते, शृंगार करें न कराते।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२३॥

**ॐ ह्रः अस्नानमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

मुनि नग्न दिगम्बर रहते, उपसर्ग परीषह सहते।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना॥२४॥

**ॐ ह्रः नग्नत्वमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

दातून करें न मंजन, मुनि धरते अदंत धोवन।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२५॥

**ॐ ह्रः अदन्तधोवनमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

इक बार करें मुनि भोजन, दिन में विधिवत् कर शोधन।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना॥२६॥

**ॐ ह्रः एकभुक्तिमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

मुनि मौन खड़े हो खायें, आसक्ति दोष नशायें।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२७॥

**ॐ ह्रः एकाशनमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

मुनि बाल सजाना तजते, केशलौंच दयालु करते।
मुनियों का संघ सुहाना, करके नमोस्तु सुख पाना ॥२८॥

**ॐ ह्रः केशलौंचमूलगुणधारक श्री साधुपरमेष्ठिभ्यो नमः अर्घ्यं...।**

## पूर्णार्घ्य

**(दोहा)**

धर्मध्वजा मुनि साधु जो, गुणधर अट्ठाबीस।
पर्व प्रतिष्ठा कार्य को, हो नमोऽस्तु नत शीश॥

**ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे-यागमण्डले-मखमुख्यार्चित-अष्टमवलयोन्मुद्रित-अष्टाविंशतिगुणसहित सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः पूर्णार्घ्यं...।**

## नवम अर्घ्यावली

### (४८ ऋद्धि)

### (अर्द्धजोगीरासा)

लोकालोक प्रकाशी आतम केवल ज्ञानी आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१॥

**ॐ ह्रीं सकललोकालोकप्रकाशकनिरावरणकेभ्यो अर्घ्यं...।**

सरल कुटिल मन विषय गहे मन–, पर्यय ज्ञानी आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२॥

**ॐ ह्रीं ऋजुमति-विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानधारकेभ्यो अर्घ्यं...।**

इंद्रिय मन बिन रूपी जाने, अवधिज्ञान त्रय आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३॥

**ॐ ह्रीं अवधिज्ञानधारकेभ्यो अर्घ्यं...।**

कोठे में ज्यों अन्न भिन्न त्यों, बीज बुद्धि हो आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४॥

**ॐ ह्रीं कोष्ठबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

बीज वृक्ष की परम्परा ज्यों, बीज बुद्धि हो आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥५॥

**ॐ ह्रीं बीजबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

गुरु से इक पद पा सब समझें, पदानुसारी आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥६॥

**ॐ ह्रीं पादानुसारीबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

सैन्य शब्द भी पृथक सुने ज्यों, संभिन्न श्रोतृ आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥७॥

**ॐ ह्रीं संभिन्नश्रोतृत्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

रवि शशि गिरि को छुयें यहीं से, दूर स्पर्शी आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥८॥

**ॐ ह्रीं दूरस्पर्शत्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

रसना के भी बाहर चख लें, दूरास्वादन आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥९॥

**ॐ ह्रीं दूरास्वादित्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

घ्राण विषय के बाहर सूँघें, दूरघ्राण निज आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१०॥

**ॐ ह्रीं दूरघ्राणत्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

नेत्र विषय के दूर देख लें, दूरावलोकन आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥११॥

**ॐ ह्रीं दूरदर्शित्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कर्ण विषय के बाहर सुन लें, दूरघ्राण निज आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१२॥

**ॐ ह्रीं दूरश्रवणत्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

बिन अभ्यास पूर्व दश जानें, दशपूर्वी निज आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१३॥

**ॐ ह्रीं दशपूर्वित्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अंग पूर्व श्रुत पूरा जानें, पूर्व चर्तुदश आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१४॥

**ॐ ह्रीं चतुर्दशपूर्वित्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

जानें बिन उपदेश तत्त्व को, प्रत्येक बुद्धि आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१५॥

**ॐ ह्रीं प्रत्येकबुद्धित्वऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

शास्त्र पढ़े बिन करें निरुत्तर, जग के वादी आहा।
बुद्धि ऋद्धि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१६॥

**ॐ ह्रीं वादित्वबुद्धिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

तन्तु पुष्प जल आदि श्रेणि पर, चारण चलते आहा ।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१७॥

**ॐ ह्रीं जलजंघातंतु-मेघपुष्पपत्रफल-अग्निधूमज्योति-मरुत्निमित्ताश्रय-चारणऋद्धि-प्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

नभ में थल सम चलें धर्म को, नभचारण ऋषि आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१८॥

**ॐ ह्रीं नभचारणऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अणिमा महिमा लघिमा आदिक, अष्ट विक्रिया आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥१९॥

**ॐ ह्रीं अणिमामहिमालघिमागरिमाप्राप्तिप्राकाम्यवशित्वविक्रियाऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

स्वेच्छा से अदृश्य हो चलते, अन्तर्धानी आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२०॥

**ॐ ह्रीं अंतर्धानविक्रियाऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

दीक्षा से समाधि तक करते, संत उग्रतप आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२१॥

**ॐ ह्रीं उग्रतपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अनशन कर तन चमकें महकें, यही दीप्ततप आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२२॥

**ॐ ह्रीं दीप्ततपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

तप्त लोह पर जल ज्यों भोजन, मल बिन होता आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२३॥

**ॐ ह्रीं तप्ततपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कवल चन्द्र सम करें महातप, वरने आतम आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२४॥

**ॐ ह्रीं महातपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

रोगी तन उपसर्ग सहन कर, करें घोरतप आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२५॥

**ॐ ह्रीं घोरतपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

घोर पराक्रम करते लेकिन, हीन न तन से आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२६॥

**ॐ ह्रीं घोरपराक्रमतपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

ब्रह्मचर्य धर करें घोर तप, अचल मेरु सम आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२७॥

**ॐ ह्रीं घोरब्रह्मचर्यतपऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

इक मुहूर्त में श्रुत का चिंतन, करें मनोबल आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२८॥

**ॐ ह्रीं मनोबलऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

इक मुहूर्त में श्रुत का पाठन, करें वचनबल आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥२९॥

**ॐ ह्रीं वचनबलऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

लोक कनिष्ठा पर रख सकते, ऋद्धि कायबल आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३०॥

**ॐ ह्रीं कायबलऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

छूकर हवा दवा सम सुख दे, आमर्शौषध आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३१॥

**ॐ ह्रीं आमर्षौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

मुँह के मल छू रोग शमन हों, खेल्ल औषधी आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३२॥

**ॐ ह्रीं क्ष्वेलौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

बाह्य अंग मल छूकर वायु, जल्ल औषधी आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३३॥

**ॐ ह्रीं जल्लौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कर्णादिक मल छू निरोग हों, वह मल औषध आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३४॥

**ॐ ह्रीं मलौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

मल मूत्रादिक छूकर वायु, बनती औषध आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३५॥

**ॐ ह्रीं विप्रुषौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

जिनका तन मल सब औषध छू, पवन करे सुख आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३६॥
**ॐ ह्रीं सर्वौषधिऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अमृत वाणी सुन विष उतरें, मुख निर्विष वह आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३७॥
**ॐ ह्रीं मुखनिर्विषऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

दृष्टि पड़े तो जहर उतरते, दृष्टिनिर्विष आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३८॥
**ॐ ह्रीं दृष्टिनिर्विषऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

मर जा कहने पर मर जाते, ऐसे कहें न आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥३९॥
**ॐ ह्रीं आशीर्विषरसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

दृष्टि कुपित कर दें तो मरते, पर ना करते आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४०॥
**ॐ ह्रीं दृष्टिविषऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अरस भोज्य कर में आकर हो, दूध सरीखा आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४१॥
**ॐ ह्रीं क्षीरस्राविरसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कड़वा नीरस भोजन कर में, मधु जैसा हो आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४२॥
**ॐ ह्रीं मधुस्राविरसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

रूखा सूखा भोजन कर में, घृत जैसा हो आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४३॥
**ॐ ह्रीं घृतस्राविरसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

अरस सरस भोजन अमृत सा, होता कर में आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४४॥
**ॐ ह्रीं अमृतस्राविरसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कटक करे मुनि शेष भोज्य पर, खत्म न हो रस आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४५॥

**ॐ ह्रीं अक्षीणमहानसऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

कटक रहे मुनि गृह में लेकिन, जगह न कम हो आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४६॥

**ॐ ह्रीं अक्षीणमहालयऋद्धिप्राप्तेभ्यो अर्घ्यं...।**

सकल ऋद्धि मय ऋषि हो फिर भी, चहें मोक्षसुख आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४७॥

**ॐ ह्रीं सकलऋद्धिसंपन्नसर्वमुनिभ्यो अर्घ्यं...।**

चौदह सो बावन गणधर ऋषि, चौबीसी के आहा।
गणधर मुनि को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४८॥

**ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थेश्वराग्रिमसभावर्ति-द्विपञ्चाश्च-चतुर्दशशतगणधरेभ्यो अर्घ्यं...।**

उन्तिस लख अड़तालिस हजार मुनि, चौबीसी के आहा।
समवसरण के साधक मुनि को, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥४९॥

**ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थेश्वराग्रिमसभावर्ति एकोन्त्रिंशल्लक्षाष्टचत्वारिंशत्-सहस्त्र-प्रमित मुनिभ्यो अर्घ्यं...।**

**(चार विदिशाओं के अर्घ्य ) (ज्ञानोदय)**

कुल नौ सौ पच्चीस कोटि अरु, त्रेपन लख सत्बीस हजार।
नौ सौ अड़तालीस रहे हैं, अकृत्रिम जिनप्रतिमा द्वार॥
अकृत्रिम जिन बिम्ब भजें हम, अकृत्रिम आतम पायें ।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु गुण गायें॥५०॥

**ॐ ह्रीं नवशतपंचविंशति-कोटित्रिपंचाशल्लक्ष-सप्तविंशतिसहस्त्रनवशाष्ट-चत्वारिंशत्-प्रमितऊर्ध्व-मध्य-अधोलोकसंबंधी-सर्वअकृत्रिम जिनबिंबेभ्यो अर्घ्यं...।**

आठ करोड़ छप्पन लख होते, सत्तानवे रहे हजार।
चार शतक अस्सी कुल मंदिर, अकृत्रिम की जय-जय कार॥
प्रति मंदिर में बिम्ब एक सौ-, आठ भजें हम सुख पायें।
अर्घ्य चढ़ा हम पर्व प्रतिष्ठा, करें नमोऽस्तु गुण गायें॥५१॥

**ॐ ह्रीं अष्टकोटिषट्पञ्चाशल्लक्ष-सप्तनवतिसहस्त्र-चतु:शतएकाशीति-प्रमित ऊर्ध्व-मध्य-अधोलोकसंबंधी-अकृत्रिमसर्वजिनालयेभ्यो अर्घ्यं...।**

(दोहा)

अनेकांत स्याद्वादमय, निज आगम भण्डार ।
पर्व प्रतिष्ठा में भजें, तिरने को संसार॥५२॥

**ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भूत-अनेकांतस्याद्वादमयीद्वादशांग-जिनागमेभ्यो अर्घ्यं...।**

मंगलमय मंगलकरण, वीतराग विज्ञान।
पर्व प्रतिष्ठा में भजें, धर्म रूप निर्वाण ॥५३॥

**ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म-रत्नत्रयधर्मदयायुक्त-जिनधर्माय: नम: अर्घ्यं...।**

## समुच्चय पूर्णार्घ्य

(ज्ञानोदय)

भजें पंच पद मंगल उत्तम, शरण त्रिकाली प्रभु चौबीस।
बीस विदेही प्रभु भज सूरी, उपाध्याय मुनि को नत शीश॥
ऋद्धीश्वर मुनि धर्म शास्त्र भज, अकृत्रिम जिन धाम भजे।
अर्घ्य चढ़ाकर पर्व प्रतिष्ठा, कर नमोऽस्तु जिन धर्म सजे॥

**ॐ ह्रीं सर्वयागमण्डलदेवताभ्य: पूर्णार्घ्यं...।**

## जयमाला

(दोहा)

पंच मंगलोत्तम शरण, त्रय चौबीसी बीस।
ऋद्धीश्वर जिनबिम्ब के, गुण गायें नत शीश॥

(जोगीरासा)

श्री अरहंत सिद्ध आचारज, उपाध्याय मुनि ध्यायें।
पूज्य परम पद पाँचों ध्या के, कष्ट मिटें सुख पायें॥१॥

चारों मंगल उत्तम शरणा, भव से हमें बचायें।
त्रैकालिक चौबीस जिनेश्वर, हमको पार लगायें॥२॥

सीमंधर आदिक प्रभु बीसों, करें विदेही ध्यानी।
दीक्षा दे आचार्य सँभालें, पाठक कर दें ज्ञानी॥३॥

धर्म धुरंधर पूर्ण दिगंबर, ऋद्धीश्वर मुनि साधु।
अकृत्रिम जिनबिम्ब जिनालय, करते हम पर जादू॥४॥

चौबीसों के गणधर सब मुनि, हमको दिये सहारे।
जिनवाणी मैया की नैया, हमको पार उतारे॥५॥
धर्मज्ञान से मोक्ष धाम की, हमको मिले सवारी।
पर्व प्रतिष्ठा के द्वारा हम, सुख पायें अति भारी॥६॥
पूज्य यागमण्डल विधान कर, शुद्धि विशुद्धि बढ़ायें।
आज नहीं हम कल या परसों, निजी प्रतिष्ठा पायें॥७॥
सिद्धों जैसी लोक शिखर पर, करें प्रतिष्ठत आतम।
इसी भावना से 'मुनिसुव्रत', पूज रहे परमातम॥८॥
पूज्य पंच कल्याणक हो या, वेदि प्रतिष्ठा प्यारी।
मानस्तंभ बिम्ब स्थापन, शुद्धी की तैयारी ॥९॥
कलशारोहण इत्यादिक हों, अनुष्ठान प्रभु वाले।
करो यागमण्डल भक्ती से, खुलें सुखों के ताले॥१०॥

**(दोहा)**

पर्व प्रतिष्ठा दे हमें, आत्मशक्ति निज ज्ञान।
अतः यागमण्डल किया, करके नमोऽस्तु ध्यान॥

**ॐ ह्रीं सर्वयागमण्डलदेवताभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं...।**

**(हरीगीतिका)**

जे भव्य प्राणी याग मण्डल, यज्ञ कर पूजा करें।
वे रोग भय दुख पाप हरके, शांति से झूमा करें॥
सुख संपदा तज कर विभावी, चेतना मुक्ति वरें।
'सुव्रत' तभी कल्याण हेतु, शुद्धि को भक्ति करें॥

**(पुष्पांजलिं....)**

-: **प्रशस्ति** :-

पृथ्वीपुर में होएगा, पूज्य पंचकल्याण।
उसके पहले लिख लिया, यागमण्डल विधान॥
दो हजार सत्रह मई, रविवारी इक्कीस।
'विद्या' के 'सुव्रत' रचे, गुरु प्रभु को नत शीश॥

## महार्घ्य

मैं देव श्री अरहंत पूजूँ, सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवझाय पूजूँ, साधु पूजूँ भाव सों
अरहंत भाषित वैन पूजूँ, द्वादशा रची गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरु चरन, शिवहेत सब आशा हनी
सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि, दयामय पूजूँ सदा।
जजि भावना षोडश रत्नत्रय,जा बिना शिव नहिं कदा
त्रैलोक्य के कृत्रिम, अकृत्रिम, चैत्य चैत्यालय जजूँ।
पंचमेरु-नन्दीश्वर जिनालय,खचर सुर पूजित भजूँ
कैलास श्री सम्मेदगिरि, गिरनार मैं पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि, और तीरथ सर्वदा
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ, बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस वसु जय,होय पति शिवगेह के

**(दोहा)**

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूज हूँ, बहु विध भक्ति बढ़ाय

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुभ्यो द्वादशांगरूप जिनागमेभ्यो-उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो-दर्शनविशुद्ध्यादि-षोडशकारणेभ्यः-सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः त्रिलोकस्थित-कृत्रिमाकृत्रिमजिनबिंबेभ्यः-पञ्चमेरु सम्बन्ध्यशीति चैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो नंदीश्वरद्वीपस्थित-द्विपञ्चाशज्जिनालयेभ्यः श्रीसम्मेदाष्टापदोर्जयन्तगिरि-चम्पापुर-पावापुरादि-सिद्धक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यो विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यः-श्रीवृषभादिवीरान्त-चतुर्विंशतितीर्थंकररूप-नवदेवताजिनसमूहेभ्यो-जलादि-महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

## शान्तिपाठ

शान्तिनाथ मुख शशि उनहारी, शील गुणव्रत संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमलदल लाजैं ॥

पञ्चम चक्रवर्ति पदधारी, सोलम तीर्थप्रर सुखकारी।
इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिन नायक,नमो शान्तिहित शान्ति विधायक ॥
दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामण्डल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी ॥
शान्ति जिनेश शान्ति सुखदाई, जगत्पूज्य पूजौं शिर नाई।
परम शान्ति दीजै हम सबको, पढैं तिन्हें पुनि चार संघ को ॥
पूजें जिन्हें मुकुटहार किरीट लाके, इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।
सो शान्तिनाथ वर वंश जगत्प्रदीप, मेरे लिये करहिं शांति सदा अनूप ॥
संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों को यतिनायकों को।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेश को ले,कीजे सुखी हे जिन ! शान्ति को दे ॥
होवै सारी प्रजा को, सुख बलयुत हो, धर्म - धारी नरेशा।
होवै वर्षा समै पै, तिलभर न रहे, व्याधियों का अन्देशा ॥
होवै चोरी न जारी, सुसमय वरतै, हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारैं, जिनवर वृष को, जो सदा सौख्यकारी ॥
घातिकर्म जिन नाश कर, पायो केवलराज।
शान्ति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज ॥
शास्त्रों का हो, पठन सुखदा, लाभ सत्संगती का।
सद्वृत्तों का, सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का ॥
बोलूँ प्यारे, वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ।
तौलों सेऊँ, चरण जिनके, मोक्ष जो लों न पाऊँ ॥
तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तबलों लीन रहों प्रभु, जबलों पाया न मुक्ति पद मैंने ॥
अक्षर पद मात्रा से, दूषित जो कुछ कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुड़ाहु भव दुख से ॥
हे जगबन्धु जिनेश्वर ! पाऊँ, तव चरण-शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ कर्मों क क्षय सुबोध सुखकारी ॥

**(पुष्पाञ्जलिं...)**

**(कायोत्सर्ग - नौ बार णमोकार मन्त्र)**

## विसर्जन

बिन जाने वा जानके, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तैं परमगुरु, सो सब पूरन होय ॥
पूजन विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन हूँ नहीं, क्षमा करहु भगवान ॥
मन्त्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव ॥
श्रद्धा से आराध्य पद, पूजें भक्ति प्रमाण।
पूजा विसर्जन मैं करूँ, सदा करो कल्याण ॥

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हदादि-परमेष्ठिनः पूजाविधिं विसर्जनं करोमि। अपराध-क्षमापणं भवतु। यः यः यः।

**(उक्त मंत्र पढ़कर ठोने पर पुष्प क्षेपण कर विसर्जन करें।)**

श्री जिनवर की आशिका,लीजे शीश चढ़ाय।
भव-भव के पातक कटें, दुःख दूर हो जाय

**(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप)**